दिनांक 15 जुलाई, 2017 शनिवार, महाविद्यालय में नेक और अनेक शुभ कार्य हों, निर्बाध गति से कार्य संपन्न हों इस उद्देशय को लेकर सत्र के प्रथम दिवस पर हवन का आयोजन किया गया। अग्रवाल प्रबंध समिति के प्रधान श्री देवेंद्र गुप्ता, उपप्रधान श्री वासुदेव गुप्ता, कोषाध्यक्ष श्री मेहरचंद मित्तल, वरिष्ठ सदस्य श्री मंगतराम, प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता और महाविद्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। यज्ञाचार्य पंडित ओमदत्त शास्त्री रहे।

यज्ञ के पश्चात् प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रधान देवेंद्र गुप्ता ने कहा कि अग्रवाल संस्था के अंतर्गत सात शिक्षण संस्थान कार्य कर रहे हैं । इस संस्थान का मुख्य उद्देशय है – “शिक्षार्थ आइये, सेवार्थ जाइये”। हमारी प्राथमिकता रहनी चाहिए कि हम क्षेत्र के विद्यार्थियों को उचित खर्चे में श्रेष्ठतम शिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराएं । डॉ० कृष्णकांत गुप्ता ने सम्बोधित करते हुए कहा कि हम सब की प्राथमिकता होनी चाहिए कि हमें अपने विद्यार्थियों में शैक्षणिक गुणों के साथ रचनात्मक व नैतिक गुणों का विकास करने के लिए प्रयासरत रहना चाहिए ताकि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो सके ।प्रतिस्पर्धा के इस युग में यदि विद्यार्थी को प्रगति की धारा में आगे बढ़ाना है तो उसमें बहुमुखी विकास होना जरुरी है ।